तापमान
अधिकतम 21.9 डिग्री
न्यूनतम 5.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

11 भारत बना विश्व का सबसे बड़ा लोक तांत्रिक ...


12 शहर होगा चकाचक, सड़कें व बाजारों ...




# दरिन्दे...

## लाखनमाजरा में 13 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म

## 7 वर्षीय मासूम को भी बनाया हवस का शिकार

हमारे आसपास आजकल इंसान ही कुछ लोग दरिंदे बनकर घूम रहे हैं। शहर में एक ही दिन में दो नाबालिग बच्चियों के साथ दरिंदगी की घटनाएं इस बात का जीता जागता सबूत हैं। बच्चियों का न केवल शारीरिक शोषण किया गया, बल्कि डराने धमकाने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। यह बताता है कि इन हैवानों को कानून का कोई डर नहीं है। *ऐसे लोगों को दरिंदे की संज्ञा देना ही उचित होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के लाखनमाजरा ब्लॉक के एक गांव में 13 साल की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक घटना सामने आई है। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी, जिसके बाद लाखनमाजरा थाना ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पीड़िता नौंवी कक्षा की छात्रा है और अपने परिवार के साथ गांव में रहती है। जानकारी के अनुसार, गांव का ही रहने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति रात के समय पीड़िता के घर में घुसा और बहला-फुसला कर उसे अपने घर ले गया। वहां आरोपी ने नाबालिग के साथ रेप किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने बच्ची को उसके घर छोड़ दिया। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद बच्ची गुमसुम रहने लगी और किसी से कोई बात नहीं कर रही थी। 3-4 दिन बाद जब परिवार ने जोर देकर पूछा तो बच्ची ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने उसके साथ गलत काम किया और धमकी दी।

**पड़ोसी ने बहला-फुसलाकर छात्रा के साथ की वारदात जान से मारने की धमकी भी दी**

### तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी

पीड़िता तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है। घटना के बाद उसका व्यवहार बदल गया, वह पहले की तरह हंसमुख और मिलनसार नहीं रही। परिवार के लोग उसकी चुप्पी और उदास रहने की आदत देखकर चिंतित हैं। कई बार पूछने पर भी उसने घटना का खुलासा नहीं किया, लेकिन जोर देने पर उसने पूरी बात बताई।

### केस दर्ज कर जांच शुरू की

शिकायत मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी की तलाश में सक्रिय रूप से दबिश दे रही है और जल्द ही उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। *-समरजीत सिंह, एसएचओ, लाखनमाजरा थाना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के एक गांव में 7 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। पीड़ित बच्ची का परिवार हरदोई, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और हाल ही में गांव के एक किराए के मकान में रह रहा था। बच्ची के पिता ढाबे पर काम करने गए हुए थे, इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलने पर आईएमटी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पीड़ित बच्ची नाबालिग है और हाल ही में परिवार के साथ गांव में आया था। पिता ढाबे पर काम करने गए थे, और बच्ची घर पर अकेली थी। आरोपी ने मौका पाकर बच्ची के साथ हमला किया। घटना की जानकारी मिलने पर पिता तुरंत घर लौटे और बच्ची को संभालते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

**बच्ची को अकेली पाकर वारदात को दिया अंजाम यूपी का रहने वाला है पीड़ित परिवार**

### हालत गंभीर, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। बच्ची को पीजीआई रोहतक ले जाकर मेडिकल जांच करवाई गई। बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों ने बच्ची की नाजुक स्थिति के कारण विशेष देखभाल में रखने की सलाह दी है। साथ ही बच्ची की हालत में सुधार होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगा।

### आरोपियों की तलाश जारी

हमें बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर और बच्ची का मेडिकल कराया और पीड़ित परिवार की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। आरोपियों को छोड़ा नहीं जाएगा। *-बिजेंद्र कुमार, एसएचओ, आईएमटी थाना*

## आंबेडकर पार्क में 1.80 करोड़ से बनेगा वाटर बुस्टिंग स्टेशन

# 30 साल बाद बुझेगी हजारों लोगों की प्यास

**खोखराकोट पर फतेहपुरी सलारा मोहल्ला, ढुंगी गोहरी और अंबेडकर पार्क के पास स्थित बस्ती में रहने वाले लोगों को होगा फायदा**

1. शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी पहल
2. कई कॉलोनियों में कम प्रेशर से पानी पहुंचता है, जबकि ऊपरी इलाकों में पाइप लाइन ही नहीं
3. वाटर बूस्टर बनने से न केवल पानी की समस्या खत्म होगी, बल्कि जीवन स्तर भी बेहतर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी पहल की जा रही है। आंबेडकर पार्क में लगभग एक करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से आधुनिक वॉटर बूस्टर का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना को मुख्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वाटर बूस्टर के निर्माण के बाद आसपास की 10 से अधिक कॉलोनियों में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस क्षेत्र में पिछले करीब 30 वर्षों से पेयजल आपूर्ति को लेकर लगातार परेशानी बनी हुई थी। कई कॉलोनियों में कम प्रेशर से पानी पहुंचता था, जबकि ऊपरी इलाकों में तो कई जगह पाइप लाइन ही नहीं है। गर्मियों के मौसम में हालात और बिगड़ जाते थे, जिससे लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे न केवल अतिरिक्त खर्च बढ़ता था, बल्कि रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित होती थीं। प्रस्तावित वाटर बूस्टर के निर्माण से जलापूर्ति का दबाव बेहतर होगा और पानी की समान व नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। अधिकारियों के अनुसार यह बूस्टर आधुनिक तकनीक से लैस होगा, जिससे कम दबाव वाली लाइनों में भी पर्याप्त पानी पहुंचाया जा सकेगा। इससे अंबेडकर पार्क के आसपास स्थित आवासीय क्षेत्रों के साथ-साथ दूरस्थ कॉलोनियों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

**अभी ऐसे हालात ...**





### प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा पूरा

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले समय में शहर के किसी भी हिस्से में पेयजल की किल्लत न रहे और नागरिकों को स्वच्छ व पर्याप्त पानी उपलब्ध हो। स्थानीय निवासियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि वर्षों से वे इस योजना की मांग कर रहे थे। अब स्वीकृति मिलने से उन्हें बड़ी राहत की उम्मीद जगी है। उनका मानना है कि वाटर बूस्टर बनने से न केवल पानी की समस्या खत्म होगी, बल्कि क्षेत्र में जीवन स्तर भी बेहतर होगा।

### 2019 में रामजोहड़ी पर बना था बूस्टर



पार्षद सुरेश किराड़ ने बताया कि यह एरिया पहले मेरे वार्ड में नहीं था। नए सत्र में ही अम्बेडकर पार्क का एरिया उनके वार्ड में स्थानांतरित हुआ है। जहां अब बूस्टर का निर्माण करवाया जाएगा। इससे पहले उनके प्रयासों से 2019 में रामजोहड़ी में बूस्टर का निर्माण कार्य किया गया था जिससे हजारों लोगों को पीने का पानी मिल सका।

### इन बस्तियों के लोगों को मिलेगा फायदा

बूस्टर बनने से खोखराकोट पर फतेहपुरी, सलारा मोहल्ला, ढुंगी गोहरी और अम्बेडकर पार्क के पास स्थित बस्ती में रहने वाले करीब चार हजार लोगों को फायदा मिलेगा। कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों का कहना है कि उन्होंने पानी के लिए हर संभव स्तर पर आवाज उठाई, लेकिन समस्या कई दशक से बनी हुई थी। कुछ जगह अमरूत योजना के तहत पिछले दिनों पाइप लाइन डाली गई लेकिन कनेक्शन नहीं किए गए। अब उम्मीद है कि बूस्टर के निर्माण के बाद पानी की लाइन के कनेक्शन किए जा सकेंगे।

### काफी समय से उठ रही थी मांग



खोखराकोट, फतेहपुरी, सलारा मोहल्ला, ढुंगी गोहरी, अम्बेड़कर पार्क के पास स्थित बस्ती में पानी नहीं है। लेकिन अब सरकार ने यहां बूस्टर बनाने की योजना को मंजूर किया है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल्द ही यहां बूस्टर का निर्माण शुरू किया जाएगा। जिसके बाद स्थानीय लोगों को पीने के पानी की परेशानी कभी नहीं आएगी। इसके लिए वह काफी समय से मांग उठा रहे थे। -**सुरेश किराड**, पार्षद वार्ड नम्बर पांच

## खबर संक्षेप

### बदमाश काकू तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**रोहतक।** सांपला थाना क्षेत्र में 20 जनवरी को एसटीएफ यूनिट की टीम और एक युवक के बीच मुठभेड़ हुई थी। घटना सांपला से बेरी रोड पर आउटर बाईपास पुल के पास घटी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कार्रवाई की, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम को देखते ही फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ के बाद आरोपी को काबू कर पीजीआईएमएस रोहतक में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पूछताछ पर आरोपी की पहचान अमन उर्फ काकू, पुत्र अशोक, निवासी रिटोली के रूप में हुई। आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल, 1 जिंदा कारतूस और 5 खाली कारतूस बरामद किए गए।

### बदला मौसम, आज भी हो सकती है बूंदाबांदी

**रोहतक।** सोमवार-मंगलवार की रात राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां प्रारंभ हुई। जिससे मंगलवार को रोहतक के मौसम में बदलाव हुआ। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार 28 जनवरी को मौसम ऐसा ही बना रहेगा। कुछ स्थानों पर तेज बरसात भी हो सकती है।

### पीजीआई को मिली ब्लड डोनेशन वैन

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय को इंटास कंपनी द्वारा एक तीन काउच की ब्लड डोनेशन वैन भेंट की गई है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने रिबन काटकर और हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया।

## चोरी के बाद घर में लगाई आग सामान व मकान की रजिस्ट्री जली

**सांपला।** एक परिवार के घर में चोरी और आग लगाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, गांव इस्माइला के निवासी प्रदीप कुमार और उनकी पत्नी दो दिन के लिए भाई से मिलने गए थे। जब वे घर लौटे तो ताले टूटे हुए मिले और अंदर का सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रदीप कुमार ने बताया कि घर से बाहर होने के दौरान चोरों ने घर के संदूक और अलमारियों में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ किया। इसके बाद घर के कमरों में आग लगा दी। आग और चोरी के कारण घर में रखा अधिकांश सामान नष्ट हो गया।

- **भाई से मिलने गया था परिवार लौटकर आया तो दंग रह गया**

### घर से चोरी हुआ सामान

प्रदीप कुमार के अनुसार, चोरों ने संदूक से 12 तोले सोना, आधा किलो चांदी, सोने की अंगूठी, कानों के टॉप्स, पाजेब, चांदी की चेन, 20 हजार रुपए नकद और 55 इंच की एलईडी चोरी कर ली। आग लगने के कारण कई कमरों में रखा अन्य सामान भी जल गया। इसके अलावा, घर की एक प्लाट की रजिस्ट्री भी पूरी तरह जल गई, जिससे परिवार को दस्तावेजों के नुकसान का भी सामना करना पड़ा।

## इंस्टाग्राम पर फ्लाइट टिकट का झांसा, 96 हजार रुपये की ठगी

**रोहतक।** शहर में सोशल मीडिया के माध्यम से फ्लाइट टिकट बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में करीब 96 हजार रुपये की ठगी हुई है। सेक्टर-3 निवासी कीर्तिमान पंघाल ने बताया कि उनका भाई मनिकेत पंघाल कनाडा में रहता है और उसे भारत आना था। 7 जनवरी को मनिकेत के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रैवल एजेंट का विज्ञापन देखा गया, जिसमें सस्ते दामों पर इंटरनेशनल फ्लाइट टिकट बुक कराने का दावा किया गया। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर एजेंट ने भारत आने-जाने की फ्लाइट टिकट बुक कराने का भरोसा दिलाया। बातचीत के बाद आरोपी ने टिकट बुक कर उसकी पीडीएफ ई-मेल के माध्यम से भेज दी। कीर्तिमान ने बताया कि उसने टिकट को एयरलाइन की वेबसाइट पर जांचा और वैध पाया। इसके बाद आरोपी द्वारा बताए गए एसबीआई और एचडीएफसी बैंक खातों में कुल 96,862 रुपये जमा करवा दिए। टिकट जांच की गई, तो पता चला कि टिकट कैंसिल कर दी गई है।

- **कनाडा से भारत आने की फ्लाइट टिकट बुकिंग के नाम फ्रॉड**

### विश्वसनीय माध्यम से ही टिकट बुक करवाएं

तकनीकी और बैंकिंग साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस जनता से अपील करती है कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाले विज्ञापनों में सावधानी बरतें और केवल विश्वसनीय माध्यम से ही टिकट बुक करें।


## पुराने आईटीआई मैदान में वारदात, सफेद स्विफ्ट में आए थे आरोपित

# नशेड़ियों ने 7 गाड़ियों के शीशे तोड़े, सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुरानी आईटीआई मैदान में रात के समय खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी करने की वारदात सामने आई है। इस घटना में तीन नशेड़ियों ने शामिल होने की जानकारी सीसीटीवी फुटेज से मिली है। पीड़ितों ने सुबह जब अपनी गाड़ियों का हाल देखा तो वे सकते में आ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।





**रोहतक।** मौके पर जांच करते पुलिस कर्मी। फोटो: हरिभूमि

### रात के समय वारदात

एडवोकेट नीरज कुमार ने बताया कि वह अपनी गाड़ी रोजाना रात को पुराना आईटीआई मैदान में खड़ी करते हैं। सोमवार की रात भी वह अपनी गाड़ी वहीं खड़ी करके चले गए थे। सुबह सूचना मिलने पर उन्होंने देखा कि उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया है और गाड़ी का काफी सामान चोरी हो गया है। नीरज ने बताया कि चोरों ने बैटरी निकाल दी, स्टीरियो और डैशबोर्ड तोड़ दिए। इसके अलावा तहसील के कुछ पेपर, रजिस्टर और घर का कुछ सामान भी चोरी हो गया। नीरज ने कहा कि इसी तरह लगभग 6-7 अन्य गाड़ियों के शीशे भी तोड़े गए और उनका सामान भी चोरी हुआ है। यह घटना इलाके में रहने वाले लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है।

### सीसीटीवी में कैद हुए तीन युवक

नीरज ने बताया कि घटना स्थल के पास लगी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई। फुटेज में तीन युवक दिखाई दे रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से नशे की हालत में थे। युवक सीधा खड़ा भी नहीं रह पा रहे थे। ये तीनों आरोपी गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान चोरी करते हुए कैद हुए हैं। नीरज ने बताया कि आरोपी सफेद रंग की स्विफ्ट कार में आए थे।

### पुलिस और जनता के बीच नाराजगी

- पीड़ितों की ओर से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई।
- इलाके में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनमें आरोपी स्पष्ट रूप से कैद हैं।
- पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश कर रही है।
- स्थानीय लोग प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## 16 फरवरी तक रूट परिवर्तन, कई प्रमुख पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें होंगी प्रभावित

# भिवानी की ओर जाने वाली ट्रेनों की रफ्तार थमी, यात्रियों की बढ़ीं मुश्किलें

**तकनीकी और रखरखाव कार्य**

**ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से किया जा रहा है संचालित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मरम्मत कार्य के कारण भिवानी दिशा में यात्रा करने वाले यात्रियों को इन दिनों असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को रेलवे द्वारा चल रहे आवश्यक तकनीकी और रखरखाव कार्यों के चलते भिवानी रूट पर संचालित होने वाली कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। किसान एक्सप्रेस, दिल्ली–भिवानी पैसेंजर और रोहतक–भिवानी पैसेंजर ट्रेनें अपने निर्धारित मार्ग से भिवानी तक नहीं पहुंच सकीं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह ट्रेनें रद्द नहीं की गई हैं, बल्कि कार्य के चलते अस्थायी रूप से इनके रूट में बदलाव किया गया है। इन ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा है। यह व्यवस्था 16 फरवरी तक लागू रहेगी। रूट परिवर्तन की जानकारी समय पर न मिलने से कई यात्रियों को स्टेशन पर असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक दिक्कत दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों, छात्रों और व्यापारियों को हो रही है, जो नियमित रूप से भिवानी रूट पर सफर करते हैं। सुबह और शाम के समय यात्रियों की भीड़ अधिक रहती है, लेकिन ट्रेनों के डायवर्ट होने से उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लग रहा है। कई यात्रियों को मजबूरी में बसों या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि कुछ यात्रियों ने यह भी बताया कि उन्हें ट्रेन के भिवानी न जाने की जानकारी अंतिम समय पर मिली।

### नए शेड्यूल से ट्रेन का समय भी बदल जाएगा

गाड़ी संख्या 54020 रोहतक-रेवाड़ी के समय में आंशिक बदलाव किया गया है। नए शेड्यूल अनुसार ट्रेन का विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचने का समय भी बदल जाएगा। अस्थल बोहर 20.43, डीघल 20.55, झज्जर 21.09, माछरौली 21.20, पाल्हावास 21.32, गोकलगढ़ 21.43 और रेवाड़ी स्टेशन पर 22.20 बजे पहुंचेगी। इससे पहले इसका रेवाड़ी पहुंचने का समय 21.50 बजे का था।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए कार्य जरूरी

रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कार्य यात्रियों की सुरक्षा और भविष्य में बेहतर रेल सेवा के लिए जरूरी है। कार्य पूरा होते ही ट्रेनों का संचालन फिर से अपने नियमित रूट पर शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति और रूट की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

# बुग्गी विवाद के बाद खूनी झड़प, व्यक्ति को पीटा

## सिर में गंभीर चोटें, जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खिडवाली में बुग्गी खड़ी करने को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद खूनी झड़प में बदल गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल लोगों के बयान दर्ज किए और आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घायलों में से एक, वीरेंद्र ने बताया कि वह एग्रीकल्चर विभाग में ड्राइवर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी बुग्गी घर के बाहर खड़ी थी। रात के समय उनके पड़ोस में रहने वाले संदीप और उसके भांजे ने उनकी बुग्गी को दूसरे घर के सामने खड़ा कर दिया। जब वीरेंद्र ने बुग्गी वापस अपने स्थान पर रखने के लिए कहा तो संदीप ने झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़े के बाद जब वीरेंद्र पुलिस को सूचना देने के लिए थाने जा रहे थे, तभी रास्ते में 5-6 लोग उनकी कार के सामने अपनी कार रोककर उतर आए। आरोपियों ने अपने चेहरे रूमाल और कपड़े से ढके हुए थे और हाथों में लकड़ी के बिट्टे थे। उन्होंने वीरेंद्र और उनके परिवार के सदस्यों पर हमला किया।

### आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा

गांव खिडवाली के रहने वाले लोगों से मारपीट और धमकी मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घटना स्थल का दौरा किया और घायलों के बयान दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियों की तलाश में सक्रिय रूप से जुटी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-सुरेंद्र कुमार एसएचओ, सदर थाना**

## खबर संक्षेप




### सराहनीय ड्यूटी के लिए शिक्षक जितेंद्र सम्मानित

**रोहतक।** कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में गरनावठी में कार्यरत शारीरिक विभाग के शिक्षक जितेंद्र को सराहनीय ड्यूटी के लिए सम्मानित किया।

### किला रोड मार्केट प्रधान जगदीश लाल धींगड़ा का निधन, बाजार रहा बंद

**रोहतक।** किला रोड मार्केट के प्रधान जगदीश लाल धींगड़ा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही व्यापारियों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। सम्मान और श्रद्धांजलि स्वरूप किला रोड मार्केट को सुबह से दोपहर तक पूर्ण रूप से बंद रखा गया।
व्यापारियों ने दिवंगत जगदीश लाल धींगड़ा को एक कर्मठ, मिलनसार और बाजार हितों के लिए सदैव सक्रिय रहने वाला नेता बताया। उनके नेतृत्व में बाजार ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। बाजार संघ और स्थानीय लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



### शराब के ठेकों से युवाओं का भविष्य हो रहा खराब

**रोहतक।** आर्य समाज बोहर में सुबह गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। गांव के बुद्धिमान व्यक्तियों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा विशेष राष्ट्र कल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया। समारोह में गांव की प्रतिभाओं व छोटे-छोटे बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता कृष्ण देव शास्त्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में जगह-जगह शराब के शोरूम खोलकर सरकार युवाओं का भविष्य खराब कर रही है। सवाल उठाया कि नशा मुक्त हरियाणा कब बनेगा, जब सरकार शराब के ठेकों पर कड़े प्रतिबंध लगाएगी। कहा कि गणतंत्र दिवस हमें न्याय, समानता और बंधुत्व की भावना की याद दिलाता है। आज का युवा शराब, हुक्का, अश्लील गानों और गन कल्चर की चपेट में आ रहा है।

### गणतंत्र दिवस पर सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने की शिरकत

# महापुरुषों और वीर शहीदों को किया याद, पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गणतंत्र दिवस पर रोहतक के विभिन्न चौक पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मदवि स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्घांजलि दी। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा भी मौजूद रही। उपायुक्त सचिन गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने भी पुष्प अर्पित कर महापुरुषों व वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। डॉ. अरविंद शर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्व प्रथम स्थानीय छोटूराम चौक स्थित रहबर-ए-आजम दीन बंधु सर चौ. छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी। डॉ. अरविंद शर्मा ने राजकीय महिला स्नातकोतर महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने स्थानीय सुभाष चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके उपरांत डॉ. अरविंद शर्मा ने स्थानीय मदवि परिसर में स्थित राज्य स्तरीय युद्घ स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



रोहतक। मदवि स्थित राज्य स्तरीय युद् स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्घांजलि देते सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, मेजर जनरल शमशेर सिंह, कर्नल राजेंद्र सुहाग, लैटिनेंट कर्नल महिंद्र सिंह नेगी स्टेशन हेडक्वार्टर, कर्नल के.एस. अहलावत, कर्नल (डॉ.) रविंद्र सिंह, कमांडर अजीत सिंह बराक, कर्नल आरएस बुधवार, लेफ्टिनेंट राजीत खोखर, हवलदार संजय राठी, हवलदार नवीन कुमार, बीजेंदर सिंह, सुमित देशवाल, कृष्ण यादव, पी.ओ वज़ीर दांगी, सूबेदार रतन सिंह, कैप्टन सुरेश सिंह, रिसालदार मेजर राज सिंह, कैप्टन सुरेश कुमार, सूबेदार जयपाल, सूबेदार ओमप्रकाश, जेडब्लयूओ सुद्य राम लाखरा, कैप्टन जगबीर मलिक, फ्लाइंग लेफ्टिनेंट राम प्रसाद शर्मा, हवलदार सिलक राम आदि उपस्थित रहे।

### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा संविधान निर्माताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है। साथ ही वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों और अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते छात्रों से इन्हें जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### महापुरुषों के जीवन से प्रेरण लेने का आह्वान



**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था द्वारा प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने तिरंगा फहराया गया। प्रधान दिमाना ने कहा कि यह विशेष दिन हम सबके लिए अति सम्मानित होने व गौरवान्वित होने का दिन है। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों से कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कुछ ना कुछ विशेष देश और समाज के लिए करने के लिए हमेशा प्रेरित रहना चाहिए। इस दौरान नशे के खिलाफ साइकिल पर राजस्थान से निकले 72 वर्षीय रघुवीर सिंह खोड को सम्मानित भी संस्था के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस मौके पर उप प्रधान श्री धर्मराज, महासचिव नवदीप सिंह ( मोनू) कॉलेजियम सदस्य, छोटू राम जन्मोत्सव समारोह के अध्यक्ष डॉ. नवनीत अहलावत, रिटायर्ड हेड मास्टर रामकुमार गहलावत, संस्था के सभी स्कूलों व कॉलेजों के प्रिंसिपल, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस पर सैनी संस्था के प्रधान ने फहराया तिरंगा



**रोहतक।** सैनी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित सैनी डिग्री कॉलेज के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। संस्था के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सैनी संस्था की प्रबंधन कमेटी के सदस्यों के साथ सैनी गर्ल्स बी.एड. कॉलेज, सैनी डिग्री कॉलेज, सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा सैनी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सैनी बी.एड. कॉलेज की सहायक प्रोफेसर पूजा सैनी ने संविधान की प्रस्तावना पर ओजस्वी एवं प्रेरणादायक भाषण देकर सभी को जागरूक किया, जिसे खूब सराहा गया। वहीं प्रोफेसर निशा ने मंच संचालन करते गणतंत्र दिवस के महत्व तथा संविधान में दिए गए अधिकारों और कानूनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में बुधराम सैनी, जगदीश कुमार सैनी, नफे सिंह सैनी, मैनेजर ऋतुराज सैनी, मीडिया प्रभारी श्याम कटारिया, बलवंत सैनी, डॉ. राजेश सैनी, देवेंद्र सैनी, प्रदीप सैनी, विपिन सैनी, परमेंद्र कटारिया, नरेंद्र सैनी, प्रवीण सैनी, सुनील सैनी, मास्टर ईश्वर सैनी, अमित सैनी, सतपाल, ओम प्रकाश सैनी, प्रिंसिपल भीम सिंह पवार, डॉ. अलका बत्रा, रामकुमार सैनी, नमिता सैनी एवं नीलम सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



रोहतक। गणतंत्र दिवस पर ध्वाजारोहण कर कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी क्लब ऑफ रोहतक ने मनाया गणतंत्र दिवस

रोहतक। क्लब आफ सिटी रोहतक एवं सभी रोटरी क्लब द्वारा आयोजित सुभाष चैक पर बने रोटरी स्तंभ पर क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने 77 वां गणतंत्र दिवस बडे हर्ष उल्लास से मनाया। समारोह में शहर के गणमान्य व्यक्ति, क्लब के सदस्यों की उपस्थिति रही। रोटरी क्लब ऑफ रोहतक के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह के मुख्य अतिथि समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, अध्यक्षता डिस्ट्रिक गर्वनर रवि गुगनानी, रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. एसएल वर्मा, विजय तायल, विकास बंसल, राजीव धमीजा, साहिल अरोड़ा सुमित परूथी, सीए सुशील जैन, डॉ आरके चौधरी एवं सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने रोटरी स्तंभ पर गणतंत्र दिवस का ध्वाजारोहण किया व सभी ने राष्ट्रीय गीत गाया। तत्पश्चात, सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण की और सलामी दी। इस अवसर देश पर कुर्बान हुए शहीदों को याद करते हुए नमन किया। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन विजय तायल का विशेष सहयोग रहा। गणतंत्र दिवस के अवसल पर एक संदेश यात्रा रोटरी चैक से शुरू होकर बजरंग भवन से होती हुई मुरली स्वीटस पर पहुंची और वहां जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी रोटरी क्लब के पदाधिकारी, सदस्य गण व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### एचडी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल, बालंद में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने अनुशासित परेड के माध्यम से तिरंगे को सलामी दी, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य एवं प्रभावशाली भाषणों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने वीर शहीदों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति और समर्पण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रेसिडेंट सत्यदेव सिगरोहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, दूरदृष्टि एवं राष्ट्रप्रेम को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों और स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में वाइस प्रेसिडेंट सुधीर सिगरोहा ने विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी।

### गणतंत्र दिवस : संविधान रक्षा का लिया संकल्प



**रोहतक।** गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने राष्ट्रगान गाया और देश की आज़ादी व संविधान की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए संविधान द्वारा दिए गए समान अधिकारों की बात कही तथा संविधान सभा के सदस्य रहे अपने पिता स्वर्गीय मातु राम को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक भारत भूषण बत्रा ने युवाओं से लोकतंत्र और संविधान की मजबूती के लिए आगे आने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता आनंद सिंह दांगी व पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की सक्रिय भागीदारी रही। समापन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप केडी और ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा ने आभार व्यक्त किया। समारोह में देशभक्ति और संविधान के प्रति सम्मान का भाव झलका।

### हमें शहीदों के बलिदान से मिली आजादी: डॉ. बामल



**रोहतक।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) द्वारा आईएमए भवन में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का संचालन डॉ. मनोज रावल, सचिव आईएमए एवं डॉ. हरीश वशिष्ठ, चेयरमैन कल्चरल कमेटी, आईएमए रोहतक ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आरएस बामल, सीनियर शिशु रोग विशेषज्ञ, चेयरमैन आईएमए, सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं सदस्य किशोर न्यायिक बोर्ड (न्यायाधीश प्रथम श्रेणी), रोहतक (सेवानिवृत्त) ने ध्वजारोहण किया।

### वीबी कॉलेज में वंदे मातरम के नारों से वातावरण देशप्रेम से हुआ सराबोर



**रोहतक।** वीबी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष सुदर्शन मलिक एवं डायरेक्टर संतोष मलिक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर बीएड के छात्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और "वंदे मातरम" के नारे लगाए, जिससे वातावरण देशप्रेम से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान गाया। समारोह में कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती तृष्णा वर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### काहनौर स्कूल में पूर्व छात्र डॉ. अशोक रंगा ने फहराया ध्वज



**रोहतक।** समाजसेवी एवं भाजपा के सभी प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी डॉ. अशोक कुमार रंगा ने गणतंत्र दिवस पर राजकीय माडल संस्कृति स्कूल में ध्वजारोहण कर विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ किया। डॉ. अशोक कुमार रंगा ने उपस्थित ग्रामीणों व विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि देश की आजादी और संविधान हमारे लिए सर्वोच्च हैं। डॉ रंगा ने कहा कि जिस स्कूल में 37 वर्ष पूर्व छात्र रहा, उस स्कूल में सरपंच प्रतिनिधि नवीन कुमार द्वारा ध्वज फहराने के लिए आमंत्रित किया गया।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**रोहतक।** जैन सभा के अंतर्गत संचालित जैन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन व विशिष्ट अतिथि टीवीएस मोटर्स के डायरेक्टर विवेक जैन, प्रधान रवि जैन, सचिव मनीष जैन, अतुल लोहिया, अमित जैन, मुकेश जैन, प्राचार्या और सभी सदस्यों ने गणतंत्र दिवस का ध्वाजारोहण किया। सभी ने राष्ट्रीय गीत गाया और सलामी दी। कार्यक्रम की शुरूवात में बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### महमः विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, परेड की सलामी ली



**महम।** 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उपमण्डल महम के राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण मे हर्षोल्लास एवं धूम-धाम के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्यातिथि चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने राष्ट्रधुन के साथ राष्ट्रध्वज फहराकर परेड की सलामी ली और परेड का निरक्षण किया। इससे पहले सुनील सतपाल सांगवान ने आजाद चौक स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। समारोह में हरियाणा पुलिस और विभिन्न स्कूल और कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने बैंड की धुन के साथ मार्च पास्ट किया। उपमण्डल वासियों को सम्बोधित करते विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने कहा कि आज ही के दिन 76 वर्ष पहले सन 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना।

### अर्पण मानसिक बाल संस्था में मनाया गणतंत्र दिवस



**रोहतक।** अर्पण मानसिक दिव्यांग बाल संस्था में गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्कूल में ट्रेनिंग ले रही बच्चों से ईशा, नुर, ज्योति, अवनी ,सोली, अनुराधा, सानिया होनहार छात्राओं ने झंडा फहराया। उसके उपरांत राष्ट्रीय गान गाया गया, ईशा खाशा ने देश भक्ति गाने पर नृत्य प्रस्तुति दी। बच्चों ने हम होंगे कामयाब कविता सुनाई। स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया, अंजू वर्मा, नरेश, मीनाक्षी ,मनजीत, मीना और सरोज, संतोष, सरवन संस्था से सुनील, राधा, रविंद्र , राकेश, प्रियंका स्टाफ सदस्य ईनर कलब से कमलेश मलिक, अंजू, डॉक्टर किरण सोनी, अंजू सोनिया और शकुंतला मेहता ने बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस को मनाया।

### वैश्य एजुकेशन सोसायटी में मनाया गणतंत्र दिवस



**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी द्वारा महाराजा अग्रसेन ऑडिटोरियम में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर रहे, जबकि अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान विकास गोयल ने की। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरुआत हुई तथा एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी। मुख्य अतिथि मनीष ग्रोवर ने कहा कि गणतंत्र दिवस संविधान, लोकतंत्र और नागरिक कर्तव्यों का उत्सव है। विकास गोयल ने शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**कार्यक्रम** कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने फहराया तिरंगा, दी बधाई

एमडीयू में देशभक्ति के रंगों में रंगा गणतंत्र दिवस समारोह

# राष्ट्र की एकता, अखंडता-संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में गणतंत्र दिवस पूर्ण गरिमा, उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने तिरंगा फहराया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सभी को निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। विद्यार्थियों के हित और उनकी समस्याओं का समाधान विवि की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विवि कैंपस स्कूल को एमडीयू का अभिन्न अंग बताते कहा कि संस्थान ने समाज को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अनेक प्रतिभाशाली व्यक्तित्व प्रदान किए हैं।





रोहतक। विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

### छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

समारोह में कुलपति ने शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए वार्षिक प्रशंसा प्रमाण पत्र तथा यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल और विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने कहा कि एमडीयू गुणवत्तापूर्णऔर मूल्यपरक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति में सभी के सामूहिक प्रयासों पर जोर देते गणतंत्र दिवस के मूल्यों को व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर तथा अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक की विशेष रूप से गरिमामयी उपस्थित रहीं। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशक प्रो. सुनीता सैनी ने प्रारंभ में स्वागत भाषण देते यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की विकास यात्रा एवं उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, डिप्टी डीएसडब्ल्यू प्रो. सोनू, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने संयोजन एवं समन्वयन सहयोग दिया।

### चौबीसी परिवार ने मनाया गणतंत्र दिवस

**रोहतक।** चौबीसी परिवार द्वारा आयोजित अग्रसैन चौक के पास स्थित पुरानी अनाज मण्डी में 77 वां गणतंत्र दिवस चौबीसी परिवार द्वारा मनाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, प्रधान विकास गुप्ता एवं सदस्यों ने ध्वाजारोण किया। राष्ट्रीय गीत गाया और सलामी दी। मनीष ग्रोवर ने शहीदों को नमन करते कहां की हमें देश के स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को कभी नहीं भूलना चाहिए उनकी देश को आजाद करने में अहम भूमिका है और हमें इनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। राजेश जैन ने कहा कि हमें सैनिकों का सम्मान करना चाहिए जो दिन रात हमारी रक्षा के लिए भयंकर सर्दी और गर्मी के बावजूद बार्डर पर डटे है।

### पठानिया पब्लिक स्कूल में स्टेम एक्सीलेंस क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा छठीं से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं गणित पर आधारित स्टेम एक्सीलेंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में विद्यालय के 650 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से चयनित 36 विद्यार्थियों ने दूसरे चरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि विज्ञान और गणित केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने की कुंजी हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इसे सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, प्रयोगात्मक विज्ञान, गणनात्मक दक्षता और समस्या-समाधान जैसे विभिन्न चरणों में विभाजित किया गया, जिससे विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा उभरकर सामने आई। प्रतियोगिता में बाउंसिंग ब्रेन्स टीम (अनाया, लहर, आदित्य फोगाट) ने प्रथम स्थान, प्रोटॉन प्रॉब्लम्स टीम (ध्रुव, वंश, भविन) ने द्वितीय तथा अलजेब्रिक अवेंजर्स टीम (आयुष, अनन्या, अरनव जैन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## संविधान से नागरिकों को मिले मौलिक अधिकार: डॉ. अरविंद

# भारत बना विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणराज्य

### आज का भारत महापुरुषों के त्याग और संघर्ष का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता संपन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। संविधान ने नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और मौलिक अधिकार प्रदान किए। उन्होंने संविधान सभा के सदस्यों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि आज का भारत उन्हीं महापुरुषों के त्याग और संघर्ष का परिणाम है। डॉ. अरविंद शर्मा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद जिलावासियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने शहर के विभिन्न चौकों पर महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की तथा राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया और परेड कमांडर रविंद्र कुमार के साथ परेड का निरीक्षण कर सलामी ली।

### उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मुख्यातिथि को भेंट किया स्मृतिचिह्न

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आनंदपुर भाली स्थित सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग ने डॉ. अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव कुमार ने सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को कार्यक्रम में ध्वज फहराने का स्मृतिचित्र भेंट किया। कार्यक्रम में परेड कमांडर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में परेड टुकड़ियों ने भव्य मार्च पास्ट निकाला। इनमें 8 टुकड़िया शामिल रही। लगभग 20 विद्यालयों के 1500 विद्यार्थियों ने सामूहिक शारीरिक अभ्यास का भव्य प्रदर्शन किया।आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार की भव्य प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गुरुकुल लाढौत के मलखंब व योगासन, मॉडल स्कूल का समूह नृत्य, जेड ग्लोबल स्कूल का समूह नृत्य की प्रस्तुतियां शामिल रही।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सिमरदीप सिंह, उपायुक्त सचिन गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया, सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान, उपायुक्त की धर्मपत्नी हेना सुखना, एएसपी वाईवीआर शशि शेखर, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, महम चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर, नगराधीश अंकित कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, सीएमओ डॉ. रमेश चंद्र, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी शमशेर खरक, रमेश भाटिया, नरेंद्र खट्टांर, अनीता बुधवार, नरेंद्र वत्स, चेयरमैन हरिश कौशिक, धर्मबीर शर्मा, अंकुश बिड्डू, चेतना अरोड़ा, ज्योत्सना रोहिल्ला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



रोहतक। परेड का निरीक्षण करते सहकारी एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।



रोहतक। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### परेड में शामिल टुकड़ियों व झांकियों में सर्वश्रेष्ठ तीन-तीन को किया गया सम्मानित

डॉ. अरविंद शर्मा ने परेड में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाली टुकडियों को सम्मानित किया। प्रथम स्थान पर हरियाणा पुलिस पुरुष टुकड़ी, द्वितीय स्थान पर एनसीसी ब्वॉयज तथा तृतीय स्थान पर स्काउट एंड गाइड गर्ल्ज की टुकड़ी रही। इसी तरह झांकियों में भाली आनंदपुर स्थित सहकारी चीनी मिल की झांकी प्रथम, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की झांकी द्वितीय तथा आईटीआई रोहतक की झांकी तृतीय स्थान पर ही। झांकियों में इनके अलावा शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एमएसएमई, कृषि एवं किसान कल्याण तथा परिवहन विभाग की झांकियां भी शामिल रही।

### वीर नारियों व परिजनों को किया सम्मानित

डॉ. अरविंद शर्मा ने गणतंत्र दिवस समारोह में वीर नारियों व आपातकाल में जेल में यातनाएं सहने वालों को सम्मानित किया गया। इन वीर नारियों में राजबाला देवी, इंद्रावती, सरोज देवी, राजपति, शांति, मुन्नी देवी, सुलेखा, सोना देवी, बाला देवी, सोनू, ओमपति, छोटो देवी, धनपति, आशा देवी, शांति देवी, सत्यवती देवी, इंद्रावती, भगवानी, सुमन, इश्वंती, अनीता, कविता, बरफो देवी, मिनाक्षी, सुनीता, बबली, सुनीता देवी, कमलेश, सुशीला, शकुंतला, अन्नू दयि, इंदू शर्मा, शांति, धर्मकौर, बीरमती, सुदेश, रामरती, सावित्री, संतरा, राजपति व धनपति शामिल है। गौरव तोमर व धर्म सिंह को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा विभिन्न विभागों, शिक्षा, खेल व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 अन्य महानुभावों को भी सम्मानित किया गया।



## इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय की निदेशिका डॉ. एकता सिंधु ने ध्वजा रोहण किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को देश के त्याग, बलिदान और सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रधानाचार्या दीपक कुमार वशिष्ठ ने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी व सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। आज विद्यालय में कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के बीच अनेक खेल प्रतियोगिताएं हुई। जिनमें वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, खो-खो आदि प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं के मध्य रोचक मुकाबले हुए। सभी विद्यार्थियों ने खेल कर मनोरंजन किया।

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस पर हुई 26 किलोमीटर की दौड़

रोहतक। हर साल की भांति इस बार भी रोहतक रनर्स ग्रुप द्वारा 26 किलोमीटर की /"गणतंत्र दिवस रन/" का आयोजन किया गया। दौड़ की शुरुआत सुबह 7 बजे छोटूराम स्टेडियम से हुई। सभी प्रतिभागियों ने रोहतक शहर में स्थापित विभिन्न महान व्यक्तियों और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दौड़ पूरी की। इनमें दीनबंधु छोटूराम, शहीद स्मारक मानसरोवर पार्क, सेठ किशन दास, पंडित श्रीराम शर्मा, बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा, शहीद ए. आजम भगत सिंह, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, चौधरी मातूराम, चौधरी बलदेव सिंह, सेठ छाजू राम और चौधरी देवी लाल शामिल थे।

### मॉडल स्कूल में श्रद्धापूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस



रोहतक। मॉडल स्कूल के प्रांगण में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस बड़े गर्व और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एचपीएससी कैडेटों द्वारा मुख्य अतिथि, मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता का स्वागत करके हुई। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य पवन आहूजा, विजय बल्हारा तथा कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्र-छात्रा वृंदा और नैतिक भी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों ने भाषण, नृत्य, काव्यपाठ सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता ने अपने संदेश में गणतंत्र के वास्तविक अर्थ और संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### 77वां गणतंत्र दिवस व सप्तशक्ति संगम उत्सव मनाया



रोहतक। शिक्षा भारती विद्यालय जेपी कॉलोनी में 77वां गणतंत्र दिवस और सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या आशु साहनी और प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ किया गया। सभी ने तिरंगे को सलामी दी और सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष वेद प्रकाश सेतिया, प्रबंधक पुष्पदीप डागर, कोषाध्यक्ष अंकुश जसपाल और बृजबाला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और रिदमिक योगा प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत और आकर्षक बनाया। सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में आचार्यों ने काली मां और किरण बेदी के रूप में अपने किरदार निभाए। प्रधानाचार्या ने महिलाओं की भूमिका और आचार्या रजनी जी ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार साझा किए। प्रबंधक ने विद्यार्थियों को उनके अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

### गणतंत्र दिवस समारोह में वितरित किए पुरस्कार



रोहतक। ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल दत्तौड़ में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल के निर्देशक अत्तर सिंह कौशिक और सहनिर्देशिका संतोष कौशिक द्वारा सरस्वती वंदना और ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी और शिक्षकगण उपस्थित रहे। निर्देशक ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन और परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। छात्रों ने भाषण, समूहगान और नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। समारोह में वर्ष 2025-26 के खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राइमरी में हर्षित, कपिल, प्रज्ञा, नैतिक, कार्तिक और मोक्ष ने विभिन्न रेसों में प्रथम स्थान प्राप्त किए। सीनियर छात्रों में भावना, वीरेन, जतिन, अनमोल, देवेश, आरव और लवीना ने विभिन्न खेलों में जीत दर्ज की। टग ऑफ वार, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो में विभिन्न हाउसों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्साह बढ़ाया।



रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स में गणतंत्र दिवस पर बच्चों को आशीर्वाद देते कुलगुरु डॉ अमित आर्य।

### सुपवा में भी धूमधाम से फहराया तिरंगा

रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सुपवा परिवार को संबोधित किया। इस दौरान लड्डू वितरण कर आपस में गणतंत्र दिवस की खुशियां साझी की गई। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत दादा लख्मी चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई है। कुलपति ने कहा कि नए दौर का सुपवा बनना शुरू हो गया है। अब सुपवा को प्रदेश में इसकी प्रतिभाओं के लिए जाना जा रहा है। यहां के बच्चे अपने मंच के अलावा दूसरे प्रदेशों में भी यहां का नाम रोशन कर रहे हैं। अपनी तरह की देश की इस एकमात्र यूनिवर्सिटी को पूरे देश में एक अलग ही पहचान मिले, इसके लिए वे प्रयासरत हैं। डॉ आर्य ने इसके लिए यहां के प्रतिभावान छात्रों, सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी, माली, टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ से मिल रहे सहयोग व उनके संस्थानहित में चल रहे प्रयासों की सराहना की।

### विद्यार्थियों ने मनाया गणतंत्र दिवस



महम। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समारोह में एमडीएस स्कूल मदीना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एमडीएस स्कूल मदीना के डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र दांगी ने बताया कि उनके विद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही है। इस टीम ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति भावना का शानदार परिचय दिया। निर्णायक मंडल ने भी एमडीएस स्कूल के विद्यार्थियों की प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। महम कॉलेज के प्राचार्य एवं उपस्थित अतिथियों ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### लेक्चरर डॉ. स्वतंत्र आनंद शास्त्री का निधन

रोहतक। सेक्टर तीन निवासी सेवानिवृत लेक्चरार डॉ स्वतंत्र आनंद शास्त्री का सोमवार को निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका उपचार गुरुग्राम मेदांता में चल रहा था। इस दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बलियाना में किया गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटी और एक बेटा हैं। डॉ स्वतंत्र आनंद शास्त्री दिल्ली शिक्षा विभाग से लेक्चरार के पद से सेवानिवृत हुए थे। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और शिक्षा जगत ने शोक व्यक्त किया है। उनकी रस्मक्रिया एक फरवरी को होगी।



### देशभक्ति के रंग में रंगा गोयनका इंटरनेशनल स्कूल

रोहतक। जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भव्य ध्वजारोहण समारोह एवं ग्रैंड परेड का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन करमवीर मायना, निदेशक विक्रांत मायना, सान्या मायना एवं सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा छात्रावास के विद्यार्थी एवं शिक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भव्य परेड ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम का शानदार संदेश दिया।

### पीजीआईएमएस में गणतंत्र दिवस मनाया

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में सोमवार को 77 वें गणतंत्र दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल उपस्थित हुए। डॉ. अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और गार्डों की सलामी ली। इसके बाद पंडित भगवत दयाल शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। डॉ. अग्रवाल ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज हम उन्हीं की बदौलत खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 45 करोड़ रुपए की लागत से 363 कमरों का एक नया ब्वॉयज हॉस्टल, 385 कमरों का लडकियों के लिए एक हॉस्टल कंस्ट्रक्शन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

### कुलपति ने भावी सैन्य अधिकारियों को परिजनों सहित किया सम्मानित

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 77 वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति और उत्साह के माहौल में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट ऑफ ऑल सर्विसेज के अंतर्गत जनवरी माह में भारतीय सेना की अधिकारी प्रवेश (ऑफिसर एंट्री) के लिए अनुशंसित छह विद्यार्थियों को उनके परिजनों सहित सम्मानित किया गया। चयनित विद्यार्थियों को यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह द्वारा प्रदान किया गया। जनवरी 2026 में अनुशंसित विद्यार्थियों में शिवम, संजीत, दीपाली (एनडीए एंट्री, भोपाल बोर्ड), भरत हुड्डा (एनडीए एंट्री, बेंगलुरु बोर्ड), रक्षित (एनडीए एंट्री, प्रयागराज बोर्ड) तथा जयेश (एनडीए एंट्री, भोपाल बोर्ड) शामिल हैं। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इन विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रशिक्षण टीम के निरंतर प्रयासों तथा विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण को दर्शाती है।

## एचडी पब्लिक स्कूल में गूंजे देशभक्ति गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




एचडी पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमा, उत्साह और राष्ट्रप्रेम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ज़िला शिक्षा अधिकारी एवं शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। राष्ट्रगान के दौरान तिरंगे को सलामी दी गई और विद्यालय परिसर देशभक्ति गीतों से गूंज उठा।

नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक नृत्य ने कार्यक्रम को ऊर्जा और उल्लास से भर दिया। कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और सीनियर टीम के गीत ने पूरे प्रांगण को राष्ट्रभावना से आलोकित कर दिया। अकादमिक निदेशिका कृष्णा बल्हारा फोगाट ने विद्यार्थियों को अपने ओजस्वी संबोधन में 'विकसित भारत' के स्वप्न को साकार करने के लिए अनुशासन, समर्पण और संस्कार की प्रेरणा दी।

### केवीएम स्कूल में झंडा फहराकर मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



रोहतक। केवीएम स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सुबह स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया और सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल संचालक कर्मवीर मायना, प्रधानाचार्या डॉ. मीना कौशिक और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन और संविधान के महत्व के बारे में प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
• Neuro Surgery
• General Medicine
• General Surgery
• Orthopedics
• ब्रेन, रीढ़ की हड्डियों का ईलाज
• दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
• पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
• हरियाणा सरकार
• आयुष्मान भारत
• ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HDU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

कार्यक्रम | उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति से मनाया समारोह

## समान अधिकार भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति : महंत बालकनाथ

■ महंत बालकनाथ योगी ने फहराया तिरंगा, 77वां गणतंत्र दिवस गरिमा के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी द्वारा विधिवत ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद उन्होंने मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट में विश्वविद्यालय और श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल के एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया और अनुशासन व एकजुटता का प्रभावी प्रदर्शन किया। ध्वजारोहण के उपरांत कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिए हैं और यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि सभी नागरिक मिलकर देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का संकल्प लें। भारत में अपार संभावनाएं हैं और सामूहिक प्रयासों से देश को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है और इसके लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का स्मरण करते हुए कहा कि देश को आजादी लंबे संघर्ष और अनगिनत बलिदानों के बाद मिली। उस दौर में निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा गया, जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा है।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी।

**सभी देश को आगे बढ़ाने का प्रण लें।**

### ये रहे मौजूद

विवि के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार, डीन ऑफ एकेडमी डॉ. नवीन कुमार, डीन डॉ. मुकेश सिंगला, डॉ. सुधीर मालिक, डॉ. पवन जालवान, डॉ. मनीष दलाल सहित अन्य पदाधिकारी, शिक्षकगण और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्कूल में मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

रोहतक। उपकार हाई स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों की उपस्थिति से विद्यालय परिसर देशप्रेम के रंग में रंग गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. निर्मल कायत ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व एवं इसके वास्तविक अर्थ पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संविधान में निहित मूल्यों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व-का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए





### हिंदू कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्ष, गौरव एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कॉलेज परिसर में मुख्य अतिथि श्री मनीष कुमार ग्रोवर जी, पूर्व सहकारिता राज्यमंत्री, हरियाणा सरकार द्वारा ध्वज प्रवर्तन के साथ किया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। हिंदू एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष श्याम कपूर जी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने शिक्षा को सशक्त भारत की नींव बताते हुए विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि मनीष ग्रोवर ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मार्ग दिखाता है। अतिथि सम्बोधन के उपरांत एनसीसी कैडेट्स द्वारा डॉ. राजेश गहलावत और डॉ. हरदीप सिंह जी व ड्रिल इंस्ट्रक्टर मोहित के दिशानिर्देशन में आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत की गई, साथ ही देशभक्ति गीतों पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया।

*एक माह के अंदर होगा चौराहों का निर्माण कार्य*

*मुख्य सात चौराहे भी होंगे अपग्रेड*

# शहर होगा चकाचक, सड़कों व बाजारों की बदलेगी सूरत

**06** फरवरी से शुरू होगी आधुनिक रोड स्वीपिंग व्यवस्था

**150** किमी लम्बी शहर की सड़कों की सफाई होगी

**05** सुपर सकर मशीनें आएंगी, अभी 2 मशीनें हैं निगम के पास, सफाई की यह योजना 5 साल तक चलेगी

**कूड़ा डंपिंग प्वाइंट होंगे कवर, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई दुरुस्त होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत, आधुनिक व प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। निगम क्षेत्र में रोड स्वीपिंग का कार्य 6 फरवरी 2026 से विधिवत रूप से शुरू किया जाएगा। इस योजना के लागू होने से शहर की प्रमुख सड़कों, बाजारों और अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखने को मिलेगा। स्वीपिंग मशीनों सहित सुपर सकर मशीनों की संख्या बढ़ेगी, पांच मशीनें और आएंगी। शहर की करीब 150 किलोमीटर लम्बी सड़कों की सफाई होगी। मुख्य सात चौराहों को भी अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही एक माह के अंदर चौराहों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। शहर के सभी कूड़ा डंपिंग प्वाइंट कवर किए जाएंगे।

### शहर और मुख्य मार्गों पर दिखाई नहीं देगी गंदगी



नगर निगम मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस रोड स्वीपिंग परियोजना को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में प्रदान की गई थी। नगर निगम द्वारा इस कार्य को ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से पूरा किया गया है। यह परियोजना पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगी। इस व्यवस्था के लागू होने से नगर निगम को पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध होंगे, जिससे सफाई कार्य को निरंतर, सुचारू और प्रभावी रूप से संचालित किया जा सकेगा। रोड स्वीपिंग के माध्यम से शहर और मुख्य मार्गों पर गंदगी नजर नहीं आएगी, जिससे शहर की स्वच्छता और सौंदर्यात्मक छवि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नागरिकों को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण मिलेगा।



### ये बड़ा सवाल

शहर की सड़कों की लंबाई 150 किमी से अधिक है। सफाई के दौरान सुपर सकर मशीनों की स्पीड 5 किमी प्रति घंटा है तो पूरी सड़कें साफ करने में करीब 30 घंटे लगेंगे। ऐसे में दो मशीनों से पूरे शहर की सफाई करना फिलहाल किसी चुनौती से कम नहीं हैं। हालांकि निगम का दावा है कि पांच सुपर सकर मशीनें खरीदी जाएंगी, लेकिन ये कब तब आएंगी ऐसा कुछ अभी तय नहीं है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में दिखाई देगा परिणाम

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रोड स्वीपिंग कार्य शुरू होने से न केवल शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा, बल्कि इसका सकारात्मक प्रभाव स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणामों में भी दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ और नागरिकों के लिए बेहतर जीवन वातावरण प्रदान करना है। नगर निगम ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है कि खुले में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में निगम का साथ दें। यदि किसी घर, दुकान या संस्थान से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा हो तो नागरिक 7303050200 या 7303050800 नंबरों पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, जिसका त्वरित समाधान किया जाएगा।



*याद बहुत आते हैं वो दिन...*

# पिता का विश्वास बना सबसे बड़ी ताकत... और बन गया एसडीओ

*सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्य **सूरजभान मलिक, रिटायर्ड, एसडीओ** ने बचपन के दिन याद करते हुए बताया कि मुझे अक्षर ऐसे लगते जैसे बोझ हों। सवाल समझ में नहीं आते और जवाब तो दूर की बात थी। पिता खेतों में कड़ी मेहनत करके परिवार चलाते थे। उनकी डांट फटकार ही कामयाबी की सीढ़ी बनी और मैं एसडीओ बन गया।*

मैं पढ़ाई में बेहद कमजोर था। किताब खोलते ही मन भटक जाता था, अक्षर बोझ लगते और सवाल समझ में नहीं आते। साधारण पारिवारिक स्थिति थी। पिता खेतों में कड़ी मेहनत कर परिवार चलाते थे। मिट्टी से सने कपड़े, थका हुआ शरीर, लेकिन आंखों में हमेशा मेरे भविष्य की चिंता। वे सुबह खेतों में जाने से पहले और शाम को लौटकर मेरी पढ़ाई को लेकर डांटते, कभी सख्ती भी करते। उस समय मुझे लगता था कि वे मुझे समझते नहीं हैं। मन में गुस्सा, डर और हार मान लेने की भावना घर कर जाती थी। कई बार लगा कि पढ़ाई मेरे बस की बात नहीं। समय के साथ समझ आया कि पिता की सख्ती के पीछे गुस्सा नहीं, बल्कि मेरा सपना छिपा था।



सूरजभान मलिक, रिटायर्ड, एसडीओ



### माता-पिता की सख्ती उज्ज्वल भविष्य की नींव

पिता कभी नहीं थके, कभी नहीं हारे। रोज मुझे बैठाकर पढ़ाते, सवाल पूछते, गलतियों पर समझाते और हर गिरावट पर हौसला बढ़ाते। मैं कई बार टूट गया, लेकिन वे हर बार चट्टान बनकर खड़े रहे। धीरे-धीरे मेहनत रंग लाई। वही लड़का, जो किताबों से भागता था, एसडीओ बना। जब अपनी कुर्सी पर बैठा, तो पिता का पसीना, उनकी डांट और उनका अटूट विश्वास आंखों के सामने आ जाता है। तब एहसास होता है कि वह सख्ती नहीं, पिता का सच्चा प्यार था। पिता का पसीना, उनकी डांट और उनका अटूट विश्वास आंखों के सामने घूम जाता है। जिसने मुझे हारना नहीं, जीतना सिखाया।

### थम सी गई रफ्तार




एसडीओ रहते हुए जिम्मेदारी और मेहनत से काम किया। फाइलों, फील्ड और जनता की समस्याओं के बीच दिन-रात सेवा में लगे रहे। अब सेवानिवृत्ति के बाद जीवन की रफ्तार थम सी गई है। काजू-बदाम खाते हुए, अखबार पढ़कर और दोस्तों के साथ बैठकर समय बिताना अच्छा लगाता है। **-आजाद सिंह,**

### संघर्ष के बाद आराम



शुरू से ही बिजनेस को समर्पित रहे। अब बच्चे पूरी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। अब हमारे लिए यह समय भागदौड़ का नहीं, बल्कि सुकून और आनंद का है। अब दोस्तों के साथ बैठकर ताश खेलना, हंसी-मजाक करना दिनचर्या बन गई है। वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद यह आराम मिला है। *-जगदीश लाल, सेक्टर-1*

### सेवा में संतोष



शुरू से ही जीवन में जिम्मेदारी निभाते आए हैं। पहले खेती करते हुए पिता के साथ मिलकर घर-परिवार को संभाला और मेहनत की असली कीमत सीखी। आज हरियाणा की खापों के संरक्षक के रूप में समाज की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह काम बोझ नहीं, बल्कि गर्व और आनंद का विषय है। *-इंद्र सिंह, हरियाणा खापों के*

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता के बगैर स्वास्थ्य एवं समृद्धि कोरी कल्पना

**सांपला।** खंड के गांव भैंसरु खुर्द की ग्राम पंचायत ने करीब पांच लाख रुपये की लागत से गांव के बस स्टैंड पर लोगों के लिए बस क्यू सेल्टर और महिला व पुरुष शौचालयों का निर्माण कराया है। मंगलवार को एसडीएम उत्सव आनंद ने दोनों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के बगैर स्वास्थ्य एवं समृद्धि महज एक कोरी कल्पना होगी। उन्होंने पंचायत द्वारा मॉडल विलेज बनाने की योजना की सराहना करते हुए लोगों से कहा कि शौचालय का उपयोग कर अपनी और गांव को स्वच्छ में अपनी भूमिका तय करें। इसके मौके पर बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। सरपंच पुनीत कुमार ने बताया कि इनके निर्माण पर करीब पांच लाख रुपए खर्च आया।

### बालिकाएं 31 जनवरी तक सिफारिशें भिजवाएं

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे पर 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य मुद्दों मीडिया एवं साहित्य में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं से 31 जनवरी तक सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। पात्र बालिकाएं नाम/आवेदन फार्म दस्तावेजों सहित प्रोफार्मा में भरकर जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में जमा करवाएं



**बैंकिंग कार्य पूरी तरह ठप रहा**

# पांच दिवसीय कार्य सप्ताह के लिए बैंकों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- कर्मचारी बोले, आज बैंक कर्मचारी अभूतपूर्व कार्यभार दबाव, लंबे कार्य घंटे, छुट्टियों और सप्ताहांत में बार-बार ड्यूटी का सामना कर रहे

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स ने मंगलवार को बैंकिंग उद्योग में पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह को तत्काल लागू किए जाने की मांग को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलनात्मक कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी हड़ताल एवं प्रदर्शन आयोजित किए। हड़ताल के आह्वान के परिणामस्वरूप देश भर में बैंकिंग कार्य पूर्णतः ठप रहा। सभी प्रमुख केंद्रों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन आयोजित किए गए, जिनमें कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्य-जीवन संतुलन, मानवीय कार्य परिस्थितियों तथा पूर्व में हुए समझौतों के पालन की अपनी सामूहिक मांग को मुखर रूप से रखा। नेताओं ने कहा कि पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग लंबे समय से लंबित और पूरी तरह जायज है तथा मार्च 2024 में वेतन संशोधन वार्ताओं के दौरान भारतीय बैंक संघ और यूएफबीयू के बीच इस पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। इसके बावजूद आवश्यक सरकारी स्वीकृति और औपचारिक अधिसूचना में अनुचित देरी की जा रही है। नेताओं ने कहा कि आज बैंक कर्मचारी अभूतपूर्व कार्यभार दबाव, लंबे कार्य घंटे, तथा छुट्टियों और सप्ताहांत में बार-बार ड्यूटी का सामना कर रहे हैं, जबकि बैंकिंग प्रणाली तेजी से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित हो चुकी है।

*आनंद सिंह दांगी का 76वां जन्मदिन मनाया*

# दीपेंद्र हुड्डा ने किया कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रोहतक लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को महम में रिबन काटकर कांग्रेस कार्यालय का उदघाटन किया। पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने महम थाने के सामने आनंद भवन नाम से बिल्डिंग बनाई है और इसी बिल्डिंग में उन्होंने हलका महम का कांग्रेस कार्यालय खोला है। मंगलवार को आनंद सिंह दांगी का 76वां जन्मदिन भी था। उनके जन्म दिवस के मौके पर हवन यज्ञ किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक विधायक बलराम दांगी रहे। कार्यालय के उद्घाटन और जन्म दिवस समारोह में महम शहर और हलके के सभी गांवों से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। समारोह में पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, पूर्व मंत्री सुभाष बतरा, विधायक बलराम दांगी, इंदुराज नरवाल भालू, कलायत से विधायक विकास सहारण, गुहला से विधायक देवेन्द्र हंस, नारनौंद से विधायक जस्सी पेटवाड़, प्रो. वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक सुभाष देशवाल, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, चक्रवर्ती शर्मा, रोहतक ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलवान रंगा, रोहतक शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुलदीप केडी आदि मौजू रहे।



**महम।** महम में रिबन काटकर कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन करते सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और साथ मौजूद पूर्व मंत्री आनंद

### भाजपा सरकार ने हरियाणा को विकास, खुशहाली और भाईचारे की पटरी से उतारा : दीपेन्द्र हुड्डा

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में बीजेपी सरकार यंत्र तंत्र और षड्यन्त्र की बुनियाद पर खड़ी है। यंत्र, तंत्र और षडयंत्र से बनी भाजपा सरकार ने हरियाणा को विकास, खुशहाली और भाईचारे की पटरी से उतार दिया है।

*लखीराम आर्य दत्तक ग्रहण एजेंसी ने बच्चा सौंपा*

# डीसी की मौजूदगी में एक और बच्चे को मिली मां की गोद

**रोहतक।** चौ. लखीराम आर्य दत्तक ग्रहण एजेंसी से एक बालक को सुयोग्य माता-पिता की गोद में सौंपा गया। यह अडॉप्शन प्रक्रिया सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए संपन्न हुई। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने दंपति को बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उसे अच्छी शिक्षा एवं संस्कार देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सही एवं कानूनी प्रक्रिया से बच्चा गोद लेना हर दृष्टि से एक आशीर्वाद है। बच्चे को अपनाते के बाद उसे प्रेम, सुरक्षा व अवसर प्रदान करें ताकि उसका भविष्य उज्ज्वल हो। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस बालक को अपने नए परिवार में स्नेह, सुरक्षा और सुखद भविष्य मिलेगा। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के चेयरमैन सतीश कौशिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, पूनम, चौ. लखीराम दत्तक ग्रहण एजेंसी से पायल आदि मौजूद रहे।



### मॉडल इंटरनेशनल स्कूल में ओपन चेस टूर्नामेंट हिमाक्ष ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता में मारी बाजी



**रोहतक।** वेद मॉडल इंटरनेशनल स्कूल कलानौर में स्पोर्ट्स मैनिया 2026 के अंतर्गत आयोजित इंटर स्कूल टैलेंट टेस्ट के दौरान ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आईबी. स्कूल के कक्षा 7 के छात्र हिमाक्ष ने उत्कृष्ट खेल कौशल और रणनीति का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत सिंह दुल ने हिमाक्ष को इस शानदार सफलता पर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ विद्यार्थियों को खेलकूद और बौद्धिक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

### रोडवेज यूनियन प्रधान ने लौटाया खोया पर्स, 4500 रुपये और कागजात थे बटुए में, लोगों ने की प्रशंसा




**रोहतक।** रोडवेज यूनियन के प्रधान सोनू हुड्डा ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है। उन्हें यात्री का पर्स मिला, जिसमें 4500 रुपये नकद और जरूरी कागजात मौजूद थे। पर्स मधुबन के नजदीक किसी गांव के निवासी यात्री का था। सोनू हुड्डा ने पर्स में मौजूद कागजात के आधार पर खुद यात्री से संपर्क किया। संपर्क होने पर उन्होंने बिना किसी देरी के यात्री को बुलाकर उसका पर्स सकुशल वापस लौटा दिया। पर्स में रखी पूरी नकद राशि और सभी दस्तावेज सुरक्षित पाए गए। यात्री ने सोनू हुड्डा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में ईमानदारी देखने को कम ही मिलती है। इस कार्य की रोडवेज कर्मचारियों और आम लोगों ने भी प्रशंसा की है।

### कुलपति ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का सामुदायिक रेडियो स्टेशन समाज को किया समर्पित



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. (एमडीयू) के स्वर्ण जयंती वर्ष एवं 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन को समाज को समर्पित किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि रेडियो समाज से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। डिजिटल युग में भी इसकी व्यापक पहुंच, सरलता और विश्वसनीयता इसे प्रासंगिक बनाती है। उन्होंने कहा कि यह रेडियो स्टेशन केवल विश्वविद्यालय की गतिविधियों तक सीमित न रहकर समाज की आवश्यकताओं, समस्याओं और उनके समाधान पर केंद्रित कार्यक्रमों का मंच बनेगा। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा आदि मौजूद रहे।

### जूलॉजी विभाग ने 7 दिवसीय कौशल एवं रोजगारोन्मुखी कार्यशाला में किया सम्मानित



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. के जूलॉजी विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय कौशल एवं रोजगारोन्मुखी कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हुई। जूलॉजी विभाग की अध्यक्ष प्रो मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना तथा उन्हें कार्यस्थल की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के दौरान व्यक्तित्व विकास, आत्म-जागरूकता, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और व्यावसायिक व्यवहार जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक डॉ. संदीप द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### एमडीयू सीडीओई ने जनवरी-फरवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश सूचना जारी की, 28 फरवरी तक आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) ने इंटरमीडिएट विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र जनवरी-फरवरी 2026 में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्रवेश सूचना जारी कर दी है। प्रवेश के लिए बिना विलम्ब शुल्क के 28 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सीडीओई निदेशक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि इंटरमीडिएट विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2026 में सीडीओई के पाठ्यक्रमों- बीए द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर) तथा तृतीय वर्ष (पांचवें व छठे सेमेस्टर), बी.कॉम द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर) तथा तृतीय वर्ष (पांचवें व छठे सेमेस्टर), एमए- अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, इतिहास, पत्रकारिता एवं जनसंचार द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर), एम.लिब द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर), एम.कॉम द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर), ऑनलाइन मोड पाठ्यक्रमों- एमएससी गणित तथा एम.कॉम के द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर) में 28 फरवरी 2026 तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
**हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक**
**ऑफिस नं.: 9253681019-20,**
**फोन : 9253681010, 9253681005**

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कर्म भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 से.मी<br>10× 8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## हरिभूमि की टीम ने जिले के सरपंचों का मन टटोला

*कई दिन से चल रहा राज्य में ग्रामसभा के कोरम को लेकर विवाद*

# सरकार 40 प्रतिशत कोरम के निर्णय को तुरंत वापस ले

- पिछली ग्रामसभाओं में 40 प्रतिशत उपस्थिति नहीं रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कई दिन से राज्य में ग्रामसभा के कोरम को लेकर विवाद बना हुआ है। इसी विषय को लेकर मंगलवार को हरिभूमि ने जिले के सरपंचों का मन टटोला। सरपंचों ने कहा कि पिछले दिनों जितनी भी ग्रामसभा कार्यों को लेकर आयोजित की गई। उनमें लोगों की उपस्थित 40 प्रतिशत नहीं रही। मालूम रहे कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए नया निर्णय लिया है। जिसके तहत पहली ग्राम सभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणों का होना अनिवार्य है। यदि पहली में इतने ग्रामीण नहीं आते तो दूसरी ग्राम सभा बुलानी होगी, इसमें 30 प्रतिशत ग्रामीणों का होना अनिवार्य है। यदि इसमें भी पर्याप्त ग्रामीण नहीं आते तो तीसरी ग्राम सभा में 20 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। बैठकों में आने वाले ग्रामीणों के जलपान की व्यवस्था सरपंच फंड से खर्च कर सकते हैं।

### जरूरी प्रस्ताव अटकेंगे : चुन्नीलाल



गांव सांगाहेड़ा के सरपंच चुन्नीलाल कहते हैं कि कोरम के निर्णय को सरकार ने तुरंत प्रभाव से वापस लेना चाहिए। क्योंकि इससे काम बाधित हो चुके हैं। किसी भी नए कार्य का प्रस्ताव कोरम के अभाव में नहीं हो रहा है। कोरम पूरा न होने पर गली-नाली, सड़क, पानी जैसे जरूरी प्रस्ताव अटकेंगे और फंड लैप्स होने का खतरा बढ़ेगा।

### आपसी विवाद बढ़ेंगे : कुलदीप



बहलबा खास के सरपंच कुलदीप राठी ने कहा कि सरकार ने जो नया कानून ग्रामसभा के लिए बनाया है, उससे गांव में आपसी विवाद बढ़ेंगे। ग्रामसभाओं में लोगों के बीच झगड़ा होना आम बात हो जाएगी। इसलिए सरकार ने इस पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### जल्दी नहीं भरती दरारें: मनजीत



रिटौली के सरपंच मनजीत ने बताया कि 40 प्रतिशत की हाजिरी ग्रामसभा में होना नामुमकिन है। चुनाव में भाईचारे के बीच जो दरारें पड़ जाती हैं, वे इतनी जल्दी नहीं भरती हैं। 10 प्रतिशत की हाजिरी करना तो मुश्किल होता था, 40 फीसदी का कोरम कैसे पूरा करेंगे।

### जानबूझकर करवाया जाएगा बहिष्कार



गुढाण के सरपंच मनजीत सिंह ने किसी भी गांव में सरपंच के विरोधी गुटों द्वारा जानबूझकर ग्रामसभा का बहिष्कार करा दिया जाएगा। जिससे गांवों में स्थायी प्रशासनिक गतिरोध बन सकता है। दस प्रतिशत की हाजिरी बिल्कुल सही थी। चालीस फीसदी का कोरम पूरा करना बहुत ही मुश्किल कार्य होगा। इससे कामकाज प्रभावित होगास।

### 72 गांव जगमग योजना में शामिल किए जाएंगे

**रोहतक।** राज्य सरकार की म्हारा गांव-जगमग गांव योजना हरियाणा में ग्रामीण विकास और बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डीसी मंगवार को कैंप कार्यालय में योजना को लेकर बिजली निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत हरियाणा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति प्रदान करने की पहल की है। इस योजना का उद्देश्य गांवों को सशक्त बनाना है। जिला में योजना के तहत अब तक 126 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से गांव में बिजली बिलों का समय पर भुगतान और बेहतर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र अधिक विकसित हो रहे हैं।

डीसी ने निर्देश दिए कि म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत जिला बिजली सर्कल के सभी 172 गांव को जगमग करने की दिशा में तेजी से कार्य करें। जगमग हो चुके उन 28 गांव की जानकारी भी अधिकारियों से ली गई। इन गांवों में लाइन लोसिज ज्यादा है। जिसके चलते इन गांव में 24 घंटे की बजाय 16 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है।